हिसार, गुरुवार, 29 मई, 2025

# जागरण सिटी

दैनिक जागरण

# सिरसा

www.jagran.com



सुमन बनी एसो.की जिलाध्यक्ष ॥



एचकेआरएन के तहत लगे कर्मचारियों को हटाने का अधिकार विश्वविद्यालय प्रशासन के पास नहीं ॥






********

## एक नजर

### 5.81 ग्राम हेरोइन समेत दो महिलाएं गिरफ्तार

संस, जागरण • डबवाली: देसूजोधा चौकी पुलिस ने गांव देसूजोधा की दो महिलाओं को हेरोइन सहित गिरफ्तार किया है। आरोपितों की पहचान मनप्रीत कौर उर्फ रिंका तथा बेअंत कौर के रूप में हुई है। पुलिस ने पन्नीवाला मोरिकां रोड से दोनों को 5.81 ग्राम हेरोइन सहित गिरफ्तार किया। डबवाली शहर थाना पुलिस ने दोनों महिलाओं के खिलाफ केस दर्ज किया है। बता दें, देसूजोधा गांव नशा तस्करी को लेकर काफी चर्चित गांव है। यहां युवाओं की मौत नशे की ओवरडोज के कारण हो चुकी है। नशे की रोकथाम के लिए सरकार ने देसूजोधा में चौकी स्थापित की थी।

### योग दिवस पर उपमंडल और ब्लाक स्तर पर होंगे कार्यक्रम

जासं, • सिरसा: उपायुक्त शांतनु शर्मा ने कहा कि 21 जून को जिले में 11वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित कार्यक्रम में बड़े स्तर पर जनभागीदारी होगी। ग्राम पंचायत, एनजीओ, स्वयं सहायता समूह सहित विभिन्न सामाजिक संगठन भी योग दिवस कार्यक्रम में भागीदारी निभाएंगे। योग दिवस के उपलक्ष्य में पौधारोपण कार्यक्रम भी चलाया जाएगा। बुधवार को लघु सचिवालय में योग दिवस की तैयारियों को लेकर उपायुक्त शांतनु शर्मा ने बैठक ली। बैठक में पुलिस अधीक्षक डा. मयंक गुप्ता, अतिरिक्त उपायुक्त लक्षित सरीन, सीईओ जिला परिषद डा. सुभाष चंद्र, पतंजलि योग समिति के प्रतिनिधियों सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

### 2 किलो 410 ग्राम गांजा के साथ महिला गिरफ्तार

संस ,जागरण • कालांवाली: कालांवाली थाना पुलिस ने महिला को 2 किलो 410 ग्राम गांजा सहित काबू किया है। महिला की पहचान गांव कमालु थाना रामां मंडी जिला बठिंडा हाल निवासी नजदीक कांडा फैक्ट्री गांव कालांवाली के रूप में हुई है। थाना प्रभारी रामफल ने बताया कि पीएसआइ सतपाल पुलिस टीम के साथ गश्त दौरान डबवाली रोड पर अतिरिक्त अनाज मंडी कालांवाली पर मौजूद थे। वहां एक महिला मकान के सामने गली में अपने हाथ में प्लास्टिक का बैग लेकर खडी थी कि सामने पुलिस को देखकर बैग सहित मकान के अन्दर जाने लगी तो संदेह के आधार पर कर्मचारियों की मदद से महिला को काबू करके बैग की तलाशी ली गई तो गांजा बरामद होने पर थाना कालांवाली में मादक पदार्थ अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया।


### नौकरी के नाम पर धोखाधड़ी करने वाला एक काबू

संस, जागरण • कालांवाली : कालांवाली थाना पुलिस ने रुपये लेकर पंजाब में नौकरी लगवाने के नाम पर धोखाधड़ी करने व फर्जी चेक देने के मामले में एक व्यक्ति को काबू किया है। आरोपित की पहचान बीरबल सिंह उर्फ मिंटू निवासी गोबिंद पुरा जवाहरवाला जिला संगरूर पंजाब के रूप में हुई है। पुलिस द्वारा उसके पास से 20 हजार रुपये की नकदी भी बरामद की है। थाना प्रभारी थाना रामफल ने बताया कि 14 अप्रैल 2022 को दलोर सिंह निवासी गांव गदराना की शिकायत पर आरोपित द्वारा उसके भांजे इकबाल सिंह को पंजाब में सरकारी नौकरी लगवाने के नाम पर धोखाधड़ी करके रुपये ऐंठने व वापस करने का कहने पर फर्जी चेक देने पर अभियोग दर्ज किया गया था। अभियोग की जांच के दौरान आरोपी बीरबल सिंह को काबू कर नकद राशि बरामद की गई।

# 60 साल पुराना भवन ध्वस्त, लड़कों के लिए बने भवन में छात्राओं को लेनी पड़ रही तकनीकी शिक्षा

## 372 सीटों पर एडमिशन के लिए होड़, भवन बनाने में मुख्यालय नहीं दिखा रहा रूचि

जागरण संवाददाता • सिरसा : प्रदेश में आइटीआई में प्रवेश के लिए छह जून से आवेदन होना शुरू हो जाएंगें। सिरसा शहर के रानियां रोड स्थित राजकीय महिला औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में भी इसे लेकर सरगर्मियां शुरू हो चुकी है। नए सत्र में प्रवेश के लिए स्टाफ से जानकारी लेने के लिए 10वीं व 12वीं कक्षा उत्तीर्ण कर चुकी छात्राएं प्रवेश संबंधित जानकारी लेने के लिए पहुंच भी रही है। परंतु पांच साल बीतने के बावजूद भी संस्थान में छात्राओं के बैठने के लिए स्वयं की बिल्डिंग नहीं उपलब्ध हो पा रही है। पूर्व में कंडम हो चुके टीचिंग ब्लाक को पीडब्ल्यूडी विभाग ने ध्वस्त तो कर दिया है उसके स्थान पर नये भवन को लेकर किसी प्रकार की अप्रूवल मुख्यालय से संस्थान को नहीं मिल पाई है। ऐसे में संस्थान को राजकीय बायज आइटीआई के सेंटर आफ एक्सीलेंस सीओई भवन में छात्राओं की कक्षाएं संचालित करनी पड़ रही है।



रानियां रोड स्थित राजकीय औधोगिक प्रशिक्षण संस्थान। • फाइल फोटो

इस वर्ष भी एडमिशन होने के बाद छात्राओं को इसी भवन में पढ़ाई करनी पड़ेगी।

**संस्थान में संचालित है 10 ट्रेड, 17 यूनिटों का संचालन एक भवन में नामुमकिन :** राजकीय महिला औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान सिरसा में ब्यूटीशियन, कंप्यूटर, स्टेनो, एम्ब्रोएडरी, सिलाई, इलैक्ट्रिशियन सहित कुल 10 ट्रेड संचालित होती है

> राजकीय महिला औधोगिक प्रशिक्षण संस्थान 1962 सें संचालित है। पुराना भवन कंडम होने के कारण पीडब्ल्यूडी द्वारा ध्वस्त किया जा चुका है। नए निर्माण के लिए मुख्यालय को लिखा जा चुका है। फिलहाल बायज आइटीआई के भवन में कक्षाएं संचालित करनी पड़ रही हैं।
>
> उग्रसेन, प्रिंसीपल, राजकीय महिला औधोगिक प्रशिक्षण संस्थान सिरसा

जिसके लिए 17 यूनिट निर्मित है। सभी ट्रेड्स के लिए संस्थान में कुल 292 सीट है जबकि द्वितीय वर्ष की 80 सीटें निर्धारित है। प्रत्येक वर्ष यहां एडमिशन लेने के लिए छात्राओं व महिलाओं में होड़ रहती है। टीचिंग ब्लाक ध्वस्त किए जाने के बाद अब संस्थान के पास केवल पीपीपी मोड पर बनाए गए भवन में केवल छह यूनिट संचालित करने की ही व्यवस्था है। ऐसे में 11 यूनिट संचालित करने के लिए राजकीय बायज आइटीआई के भवन को पूर्व में संस्थान ने अस्थाई तौर पर लिया था। नया भवन न बनने की दशा में अभी भी इसी भवन में 11 यूनिट संचालित हो रही हैं। कभी इस भवन में लड़कों के लिए आटो बाडी रिपेयर सहित अन्य कोर्सेज संचालित होते थे। राजकीय महिला आइटीआइ संस्थान का भवन 1962 में बनाया गया था। इसमें टीचिंग ब्लाक के अलावा वोकेशनल भवन निर्मित था। बाद में पीपीपी मोड पर एक अलग से भवन बनाया गया था। पुराने टीचिंग भवन के अंदर बने कमरों की हालत काफी खस्ताहाल हो चुकी थी। जिससे बार-बार छत का मलबा गिरता रहता था। हादसे की अंदेशा बना रहता था। कंडम घोषित करवाकर लगभग तीन माह पूर्व ही पीडब्ल्यूडी ने इसे गिरा दिया था। फिलहाल नया भवन बनाने को लेकर विभाग के पास कोई प्रपोजल नहीं मिल पाया है।

### घर से नकदी चोरी की गुत्थी सुलझी, आरोपित युवक गिरफ्तार

संवाद सहयोगी जागरण • रानियां : रानियां थाना पुलिस ने गांव ढुढियांवाली स्थित घर में रखे गुल्लक से आठ हजार रुपये की नकदी चोरी की गुत्थी को सुलझाते हुए एक युवक को काबू किया है। जानकारी देते हुए रानियां थाना प्रभारी ने बताया कि ढुढियांवाली निवासी पीड़ित ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि बीती 22 मई को घर में ताला लगाकर अपने परिवार सहित कार्यक्रम में गए हुए थे। अगले दिन वापस आकर देखा तो घर के ताले टूटे हुए थे और सारा सामान बिखरा पड़ा था। रानियां थाना की टीम ने कार्रवाई करते हुए युवक को रानियां क्षेत्र से गिरफ्तार कर लिया। रानियां थाना प्रभारी ने बताया कि गिरफ्तार युवक की पहचान राकेश कुमार निवासी ढुढियांवाली जिला सिरसा के रूप में हुई है। उन्होंने बताया कि गिरफ्तार आरोपित से पूछताछ कर उसकी निशानदेही पर कुछ नकदी बरामद की गई है। उन्होंने बताया कि गिरफ्तार युवक नशा करने का आदी है और नशे की पूर्ति के लिए ही चोरी की वारदात को अंजाम दिया था। थाना प्रभारी ने बताया कि गिरफ्तार युवक को अदालत में पेश कर न्यायिक हिरासत में जेल भेजा जाएगा।

# संकट की घड़ी में तैयार रहना आज की आवश्यकता है : प्रो. रचना अहलावत

- प्रशिक्षण में 40 एनसीसी कैडेट्स व अन्य स्वयंसेवकों ने लिया भाग
- प्रशिक्षण युवाओं को समझाता है समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारी

जागरण संवाददाता • सिरसा : चौधरी देवीलाल विश्वविद्यालय, सिरसा में नागरिक सुरक्षा प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। यह कार्यक्रम नागरिक सुरक्षा विभाग, सिरसा व विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. विजय कुमार के नेतृत्व में किया गया। प्रशिक्षण में विश्वविद्यालय के 40 एनसीसी कैडेट्स व अन्य स्वयंसेवकों ने भाग लिया। कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं को आपदा प्रबंधन एवं नागरिक सुरक्षा के प्रति जागरूक करना तथा उन्हें आपातकालीन परिस्थितियों में सक्रिय योगदान के लिए तैयार करना रहा।

कार्यक्रम का संचालन असिस्टेंट बलवंत सिंह, सिविल डिफेंस इंस्ट्रक्टर विक्की, सिविल डिफेंस इंस्ट्रक्टर मनदीप एवं उनकी समर्पित टीम द्वारा किया गया। इन सभी विशेषज्ञों ने कैडेट्स को व्यावहारिक रूप से अग्निशमन, प्राथमिक उपचार, भूकंप, बाढ़, एवं अन्य आपदाओं में बचाव कार्य, स्ट्रेचर ड्रिल एवं रेस्क्यू आपरेशन विषयों पर


सीडीएलयू में सुरक्षा प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान संबोधित करते वक्ता। • विज्ञप्ति

प्रशिक्षण दिया। प्रशिक्षण को रोचक और प्रभावशाली बनाने हेतु कई डेमो और ग्रुप एक्सरसाइज भी करवाई गईं, जिसमें कैडेट्स ने आत्मरक्षा, आग से बचाव एवं रेस्क्यू ड्रिल्स में भाग लिया।

एनसीसी केयर टेकर आफिसर प्रोफेसर रचना अहलावत ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा- संकट की घड़ी में तैयार रहना आज की आवश्यकता है, और इस प्रकार का प्रशिक्षण युवाओं को समाज के प्रति उनकी जिम्मेदारी समझाता है। कार्यक्रम के समापन पर सभी प्रतिभागियों को प्रशिक्षण प्रमाण पत्र वितरित किए गए। इस अवसर पर एनसीसी इंस्ट्रक्टर सोनिका भी उपस्थित रही। सिविल डिफेंस विभाग, सिरसा की समर्पित टीम ने इस सार्थक एवं उपयोगी आयोजन के लिए हार्दिक धन्यवाद व शुभकामनाएँ दीं।

# डीपीई व पीटीआइ ने करवाया योग प्रोटोकाल का अभ्यास


भगत सिंह स्टेडियम में योग अभ्यास करते डीपीई व पीटीआइ। • डीआइपीआरओ द्वारा

जागरण संवाददाता • सिरसा : आगामी 21 जून को 11वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में आयुष विभाग द्वारा भगत सिंह खेल स्टेडियम में योग प्रोटोकाल अभ्यास कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस सत्र में डीपीई और पीटीआइ शिक्षकों को योगाभ्यास करवाया गया।

जिला आयुर्वेदिक अधिकारी डा. राजकुमार ने बताया कि कामन योग प्रोटोकाल प्रशिक्षण कार्यक्रम को जिला और ब्लाक स्तर पर भी क्रियान्वित किया जा रहा है। सिरसा में आयोजित इस योग अभ्यास का संचालन जिला योग समन्वयक डा. सुरेंद्रपाल ने किया। डा. सुरेंद्रपाल ने विभिन्न योग क्रियाएं करवाई। इसके बाद विभिन्न योगासनों का अभ्यास कराया गया जिनमें ताड़ासन, वृक्षासन, अर्ध चक्रासन आदि शामिल थे। उन्होंने प्राणायाम सत्र में कपालभाति, नाड़ी शोधन, शीतली प्राणायाम, भ्रामरी प्राणायाम और ध्यान का अभ्यास भी कराया गया। कार्यक्रम में जिला आयुर्वेदिक अधिकारी डा. राजकुमार ने शिक्षा विभाग से आए सहायक शिक्षा अधिकारी अनिल कुमार सहित सभी उपस्थित डीपीई, पीटीआइ, आयुष विभाग के कर्मचारियों व प्रवक्ताओं का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर आयुष विभाग से योग सहायक साहिल कुमार, लवकेश और सिरसा ब्लाक में कार्यरत अन्य योग सहायक एवं योग प्रशिक्षक भी मौजूद रहे।

# प्रदर्शनी में बच्चों ने पेश किए सौर ऊर्जा, स्वच्छता अभियान के माडल

जागरण संवाददाता • सिरसा : द सिरसा स्कूल में बुधवार को पीटी-1 परीक्षा के लिए पीटीएम आयोजित किया गया। पीटीएम के दौरान विद्यार्थियों ने विद्यालय परिसर में विभिन्न प्रकार के स्टाल तथा विज्ञान के प्रोजेक्टस का प्रदर्शन किया। विज्ञान प्रदर्शनी में छात्रों ने सौर ऊर्जा, स्वच्छता अभियान, वायु प्रदूषण नियंत्रण व ज्वालामुखी आदि विषयों पर अपने माडल प्रस्तुत किए। माडलों का अवलोकन जेसीडी के महानिदेशक डा. जयप्रकाश ने की। इन प्रोजेक्टस ने बच्चों की वैज्ञानिक सोच, प्रयोगशीलता और प्रस्तुतीकरण की क्षमता को उजागर किया। आइआइटी-जेईई, नीट, ओलंपियाड जैसी प्रतिस्पर्धी परीक्षाओं के लिए छात्रों को तैयार करता है, का आरंभ स्कूल परिसर में किया गया। एआइएम सुनिश्चित करता है कि छात्रों को स्कूल परिसर में और नियमित स्कूल के घंटों के दौरान केंद्रित उच्च गुणवत्ता वाला प्रशिक्षण मिले।


माडलों का अवलोकन करते जेसीडी के महानिदेशक डा. जयप्रकाश। • विज्ञप्ति

# सीडीएलयू में ग़लत भर्ती पर हाईकोर्ट की रोक के फैसले का स्वागत : दिग्विजय चौटाला

- एचकेआरएन के तहत लगे कर्मचारियों को हटाने का अधिकार यूनिवर्सिटी प्रशासन के पास नहीं, छेड़छाड़ करना गलत

जागरण संवाददाता • सिरसा : जननायक जनता पार्टी के प्रधान महासचिव दिग्विजय सिंह चौटाला ने राज्यपाल द्वारा चौधरी देवीलाल विश्वविद्यालय, सिरसा के कार्यवाहक उपकुलपति


जेजेपी प्रधान महासचिव दिग्विजय सिंह चौटाला

को हटाकर नए वीसी को नियुक्त करने और हाईकोर्ट द्वारा सीडीएलयू में कर्मचारियों की गलत नियुक्तियों पर रोक लगाने के फैसलों का स्वागत किया है। दिग्विजय चौटाला ने कहा कि सीडीएलयू में हरियाणा कौशल रोजगार निगम के तहत लगे कर्मचारियों के काम में बदलाव कर और उनकी जगह गलत नियुक्तियां कर पूर्व कार्यवाहक वीसी नरसीराम बिश्नोई द्वारा गड़बड़ी की जा रही थी। इस मुद्दे को जेजेपी व इनसो ने रविवार को प्रमुखता के साथ उठाया था। उन्होंने कहा कि राज्यपाल द्वारा और पंजाब एंड हरियाणा हाईकोर्ट द्वारा इस विषय को तुरंत संज्ञान में लिया गया, जिसके लिए वे राज्यपाल व हाईकोर्ट का आभार व्यक्त करते हैं। साथ ही जेजेपी प्रधान महासचिव दिग्विजय चौटाला ने सीडीएलयू के नए वीसी प्रो. विजय कुमार से उम्मीद जताई कि वह पूर्व सीएम स्वर्गीय ओमप्रकाश चौटाला द्वारा जननायक चौधरी देवीलाल के नाम से स्थापित की गई यूनिवर्सिटी की बेहतरी के लिए पूरी मेहनत करेंगे।

दिग्विजय चौटाला ने कहा कि एचकेआरएन के तहत लगे कर्मचारियों को हटाने का अधिकार यूनिवर्सिटी प्रशासन के पास नहीं होता है, इसलिए विश्वविद्यालय इसमें कोई छेड़छाड़ नहीं कर सकता है। उन्होंने कहा कि इमरजेंसी प्रावधान के तहत भी भर्ती के लिए पोस्ट खाली होना अनिवार्य है।

दिग्विजय चौटाला ने कहा कि इन दलीलों को देखते हुए हाईकोर्ट ने एचकेआरएन कर्मचारियों की भर्ती के साथ हो रही छेड़छाड़ के विषय को तुरंत संज्ञान में लिया और नई भर्तियों पर रोक लगाई है। उन्होंने कहा कि हाईकोर्ट ने महिला वार्डन की नियुक्ति पर रोक लगाने के साथ-साथ पुरानी महिला वार्डन के कार्य परिवर्तन पर भी रोक लगा दी है।

अब वार्डन पद पर ही पहले से नियुक्त कर्मचारी काम करेंगी। वहीं याचिकाकर्ता के वकील जगबीर मलिक ने जानकारी दी कि यूनिवर्सिटी प्रशासन, रजिस्ट्रार, पूर्व कार्यवाहक उपकुलपति नरसीराम बिश्नोई और हरियाणा कौशल रोजगार निगम को नोटिस जारी किया है और जवाब मांगा है। उन्होंने कहा कि इस मामले में 22 अगस्त को अगली सुनवाई होगी।


## संक्षिप्त समाचार

### जीवननगर की संकरी रोड का चौड़ीकरण जल्द शुरू किया जाए

संस, जागरण • ऐलनाबाद : शहर को जीवन नगर से जोड़ने वाली मुख्य सड़क अत्यंत संकरी है, जिससे इस मार्ग पर यात्रा कर रहे लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। यह सड़क क्षेत्र के ग्रामीण इलाकों, स्कूलों, अस्पतालों और व्यावसायिक गतिविधियों के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है, लेकिन सड़क की चौड़ाई इतनी कम है कि दो बड़े वाहन एक साथ नहीं निकल सकते, जिससे आए दिन दुर्घटनाओं की आशंका बनी रहती है। इसको लेकर ऐलनाबाद के वार्ड पांच के पार्षद संदीप घोड़ेला ने सड़क के चौड़ीकरण की मांग को लेकर गत 7 मई को हरियाणा सरकार के जन संवाद पोर्टल पर शिकायत दर्ज की थी। संबंधित विभाग ने जवाब में बताया कि यह सड़क फिलहाल डीएलपी में है, जो 17 अगस्त 2026 तक लागू है और इस अवधि में कोई नया कार्य शुरू नहीं किया जा सकता। नगर पार्षद संदीप घोड़ेला ने इस उत्तर को जनहित के खिलाफ बताते हुए सरकार से आग्रह किया है कि तकनीकी नीति से इतर, इस सड़क की जमीनी हालत को देखते हुए चौड़ीकरण का कार्य डीएलपी समाप्त होने से पहले ही शुरू किया जाए। उन्होंने कहा कि यह केवल नियमों का विषय नहीं है, बल्कि यह जनसुरक्षा और जनसुविधा का मामला है, जिसे नजरअंदाज़ नहीं किया जा सकता। यदि सरकार चाहे तो संबंधित ठेकेदार से सहमति प्राप्त कर या विशेष प्रशासनिक अनुमति से कार्य प्रारंभ किया जा सकता है।


### सुमन बनी भारतीय नारी शक्ति एसोसिएशन की जिलाध्यक्ष

जासं • सिरसा : गांव पन्नीवालामोटा से सुमन रानी को भारतीय नारी शक्ति एसोसिएशन का जिलाध्यक्ष नियुक्त किया है। जारी विज्ञप्ति में एसोसिएशन की प्रदेशाध्यक्ष निताशा सिहाग ने बताया कि सिरसा से अनिता सैनी व रानियां से संतोष देवी को जिला महासचिव की जिम्मेदारी सौंपी है। ऐलनाबाद से हरविंदर कौर व सिलोचना वर्मा को जिला उपाध्यक्ष तथा डबवाली से वीना सेठी, रानियां से नसीबो बाई व कश्मीरो बाई को जिला सचिव नियुक्त किया है। ऐना देवी कोषाध्यक्ष एवं स्मृति इंटरनेट मीडिया प्रमुख का काम संभालेंगी। सिहाग ने बताया कि भविष्य में जिला व प्रदेश की टीम का और विस्तार किया जाएगा। इस गैर राजनीतिक एसोसिएशन का गठन समाज भलाई के कार्यों के लिए किया गया है। नशे को छोड़ो रिश्ते जोड़ो अभियान से लेकर हर गांव शहर पेड़ की छांव के अलावा चूल्हे से चौपाल तक मुहिम के माध्यम से महिला सशक्तिकरण के अनेक कार्यक्रम चलाए हैं। निताशा ने बताया कि एसोसिएशन के उद्देश्यों में प्रमुख रूप से नशा उन्मूलन जागरूकता अभियान, पर्यावरण संरक्षण, स्वच्छता जनजागरण से लेकर बच्चों व महिलाओं के अपराधों के विरुद्ध सजगता से काम करना शामिल है।


सुमन रानी। • विज्ञप्ति

### सरकार बिना भेदभाव के करवा रही है विकास कार्य : गर्ग

संस, जागरण • कालांवाली : सरकार द्वारा बिना किसी भेदभाव के हर क्षेत्र में विकास कार्य करवाए जा रहे हैं। चाहे उस क्षेत्र से पार्टी का उम्मीदवार जीता हो या नहीं, परंतु सरकार विकास कार्यों में भेदभाव नहीं कर रही। यह बात भाजपा मंडल अध्यक्ष लवली गर्ग ने जारी बयान में कही। लवली गर्ग ने कहा कि सरकार द्वारा कालांवाली के लिए शहर में गंदे पानी की समस्या से निजात दिलाने के लिए जनस्वास्थ्य विभाग ने बड़ा कदम उठाया है। विभाग ने अमृत भारत योजना के तहत 31 करोड़ 30 लाख रुपये का मास्टर प्लान तैयार किया है। इस योजना से शहरवासियों को बरसात में पानी निकासी और शुद्ध पेयजल सुविधा मिलेगा। उन्होंने बताया कि शहर में गर्मी के मौसम में पेयजल की कमी को लेकर व बरसाती पानी की निकासी को लेकर उन्होंने प्रदेश के जन-स्वास्थ्य मंत्री रणबीर सिंह गंगवा को सिरसा में आयोजित कार्यक्रम में मांग पत्र सौंपा था। मंत्री द्वारा अब इस योजना को मंजूरी देकर शहर वासियों को पेयजल की किल्लत से निजात दिलाने का काम किया है। उन्होंने कहा कि योजना के तहत शहर की पुरानी पाइप लाइन बदली जाएगी। भाखड़ा नहर से जलघर तक भूमिगत पाइप लाइन डाली जाएगी। इसके अलावा जलघर में एक बड़ा टैंक भी बनाया जाएगा। शहर में पुरानी पाइप लाइन और लीकेज के कारण गंदा पानी सप्लाई में आ रहा था। भाखड़ा नहर से जलघर तक की पाइप लाइन कई जगह से टूटी हुई है। इससे छुटकारा मिलेगा।


लवली गर्ग। • विज्ञप्ति

### डेरा श्योराम दास में सूर्य तपस्या पूर्ण होने पर करवाया हवन


तपस्या पूर्ण होने पर यज्ञ में आहुति डालते बाबा हरपाल व अन्य श्रद्धालु। • विज्ञप्ति

जासं • सिरसा : डबवाली रोड स्थित डेरा बाबा श्योराम दास में देशवासियों की खुशहाली के लिए मुख्य सेवक बाबा हरपाल दास की 11 दिनों की सूर्य तपस्या पूर्ण होने पर हवन यज्ञ व भंडारे का आयोजन किया गया। सुबह डेरे में हवन यज्ञ किया गया, जिसमें श्रद्धालुओं ने आहुति डालकर पुण्य कमाया। इसके बाद भंडारे का शुभारंभ किया गया, जिसमें लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। बता दें कि मुख्य सेवक बाबा हरपाल दास ने 11 दिनों में सवा तीन घंटे की तपस्या की। उनके साथ गांव मोरीवाला स्थित डेरा के संचालक बाबा विजयदास भी सवा तीन घंटे तक धूप में खड़े रहकर तप किया। यही नहीं बाबा विजयदास मोरीवाला डेरे में सवा महीने उलटे होकर तपस्या कर चुके हैं। बाबा हरपाल दास ने कहा कि तप करने का अपना एक महत्व है। तप से शरीर को मजबूती मिलती है। इससे पूर्व भी कई प्रकार के कठिन तप भी कर चुके हैं। इस मौके पर बाबा विजयदास मोरीवाला से, सुरेश गुर्जर, सतपाल श्रवण गुर्जर, जगदीश गुर्जर, ईश्वर गुर्जर, रणबीर गुर्जर, राजेंद्र सैनी, प्रधान अनिल बांगा उपस्थित थे।

### ताईक्वांडो स्पर्धा में अश्वनी व खनक ने जीता सिल्वर मेडल


विजेता अश्वनी व खनक के साथ निदेशिका मनीषा गोदारा व कोच। • विज्ञप्ति

जासं • सिरसा : फतेहाबाद जिला के रतिया में 25 मई को हुई दूसरी कैडेट एंड जूनियर स्टेट ताईक्वांडो चैंपियनशिप में द सिरसा स्कूल के खिलाड़ी अश्वनी व खनक सिंगला ने सिल्वर मेडल जीतकर अपना व स्कूल का नाम रोशन किया है। स्कूल निदेशिका मनीषा गोदारा ने दोनों खिलाड़ियों की उपलब्धि पर उन्हें बधाई दी। मनीषा गोदारा ने कहा कि द सिरसा स्कूल आधुनिक व संस्कारित शिक्षा के साथ-साथ खेलों में भी युवाओं को बेहतर अवसर उपलब्ध करवा रहा है, ताकि विद्यार्थी शिक्षा के साथ-साथ खेलों में भी अपना भाग्य आजमाकर अपना भविष्य स्वर्णिम बना सकें। इस मौके पर जूनियर विंग की हेड कंवलजीत कौर विर्क ने कहा कि खेलों में भी करियर की अपार संभावनाएं है। द सिरसा स्कूल विद्यार्थियों की रूचि के अनुरूप सभी खेलों के बेहतरीन कोच व संसाधन उपलब्ध करवाकर विद्यार्थियों को शिक्षा के साथ-साथ खेलों में भी पारंगत बना रहा है, ताकि विद्यार्थी अपनी प्रतिभा का बेहतर प्रदर्शन कर अपना, स्कूल व अभिभावकों का नाम रोशन कर सकें।

# सरकार के दावों के बावजूद शहर-शहर गांव-गांव बिक रहा है नशा : कुमारी सैलजा

जागरण संवाददाता • सिरसा : सांसद कुमारी सैलजा ने कहा कि प्रदेश में भाजपा सरकार की लापरवाही के चलते नशा माफिया पूरी तरह बेलगाम हो चुका है। नशे की पूर्ति के लिए युवा चोरी, छीना झपटी और लूट की वारदातों में संलिप्त हो रहे हैं। नशा रोकने के लिए सरकार ने कई सेल गठित किए है, बावजूद इसके फिर क्यों शहर-शहर, गांव-गांव नशा बिक रहा है।


सांसद कुमारी सैलजा।

जारी बयान में कुमारी सैलजा ने कहा कि पहले तो नशा पंजाब के साथ लगते जिलों तक सीमित था पर आज पूरा प्रदेश ही इसकी गिरफ्त में आ चुका है। शहर तो शहर गांवों की रगों में नशा बसता जा रहा है। नशे की जड़ें मजबूत होती जा रही हैं। कभी चोरी छिपे बिकने वाला नशा आज धड़ल्ले से बिक रहा है। स्मैक के धुएं से जवानी सुलग रही और नशीले इंजेक्शन नशों में उतारे जा रहे हैं। सुनसान स्थानों पर स्मैक और नशीले इंजेक्शन लगाते देखे जा सकते हैं। नशे के आदी युवाओं की बर्बादी का मंजर खुलेआम शहर में चलता जा रहा है। वही शहर में सबसे ज्यादा युवाओं के अंदर स्मैक का नशा फैल रहा है। जो युवाओं के परिवारों को बर्बादी की ओर ले जा रहा है। स्कूल और कालेज में पढ़ रहे कई छात्र नशेडियों के चंगुल में फंस जाते हैं। सैलजा ने कहा कि सिरसा ऐसा जिला है जहां हर माह नशे से कोई न कोई युवा दम तोड़ता है, रोडी क्षेत्र में स्थिति काफी गंभीर बनी हुई है। फतेहाबाद जिला भी नशे की गिरफ्त में है।

मात्र तीन दिनों में तीन युवाओं की नशे की ओवरडोज से मौत यह दर्शाती है कि प्रदेश में नशा माफिया पूरी तरह बेलगाम हो चुका है। सांसद ने सरकार से अनुरोध किया है कि नशा माफिया पर तत्काल कठोर और निर्णायक कार्रवाई की जाए, नशा वितरण और खपत की रोकथाम के लिए विशेष अभियान चलाया जाए, मृतकों के परिजनों को न्याय दिलाने के लिए निष्पक्ष जांच सुनिश्चित की जाए, युवाओं को नशे से बचाने के लिए नशा मुक्ति और पुनर्वास केन्द्रों की संख्या बढ़ाई जाए।

### पहले दिन एक उम्मीदवार ने भरा नामांकन, 15 जून को होगा मतदान

जागरण संवाददाता • सिरसा : गांव रामपुरा बिश्नोइयां में रिक्त हुए सरपंच पद के लिए नामांकन प्रक्रिया शुरू हो गई है। बुधवार को पहले दिन केवल एक उम्मीदवार ने नामांकन दाखिल किया। नामांकन दाखिल करने की अंतिम तिथि 30 मई है। नामांकन पत्रों की जांच 31 मई को होगी। उम्मीदवार 2 जून तक अपना नाम वापस ले सकते हैं। मतदान 15 जून को सुबह 8 बजे से शाम 6 बजे तक होगा। मतदान के बाद मतगणना कर परिणाम घोषित कर दिए जाएंगे।

वर्णनीय है कि सरपंच का पद पिछले साल से खाली है। पूर्व सरपंच साधुराम की हार्ट अटैक से मौत हो गई थी। वह करीब आम चुनाव में 471 मतों से विजयी हुए थे। वर्तमान में कार्यवाहक सरपंच कुलविंदर सिंह गांव की जिम्मेदारी संभाल रहे हैं। इस बार यह सीट अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित है।

# डा. दीपिका शर्मा व शालू को किया मुख्यमंत्री ने पंचकूला में सम्मानित


डा. दीपिका शर्मा व शालू मेहता को सम्मानित करते सीएम नायब सिंह सैनी। • विज्ञप्ति

सिरसा • विज्ञप्ति : सीएमके नेशनल स्नातकोत्तर महाविद्यालय के योग क्लब की नोडल अधिकारी डा. दीपिका शर्मा व शालू को पंचकूला में आयोजित योग महोत्सव में सम्मानित किया गया। जानकारी देते हुए डा. दीपिका शर्मा ने बताया कि गत दिवस पंचकूला में योग महोत्सव कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने सूर्य नमस्कार अभियान 2025 के कार्यक्रमों में सर्वश्रेष्ठ कार्य करने वाली योग व्यायाम शाला एवं संस्थाओं से जुड़े विजेताओं को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। प्राचार्या प्रो. रंजना ग्रोवर ने योग क्लब के विजेताओं को बधाई दी।

जागरण सिटी
दैनिक जागरण
सिरसा
www.jagran.com



सम्मेलन में वास्तुकार डा. ढिल्लों को किया आमंत्रित IV



शाह सतनाम जी गर्ल्स स्कूल की प्राचार्या डा. शीला पूनिया को मुख्यमंत्री ने योग महोत्सव में सम्मानित किया IV

## प्रणाम

### नगर में आज

- लघु सचिवालय स्थित सभागार में समाधान शिविर सुबह 10 बजे
- एसडीएम कार्यालय ऐलनाबाद में समाधान शिविर सुबह 10 बजे
- शिव शक्ति ब्लड बैंक में रक्तदान शिविर सुबह 11 बजे
- दिव्य योग साधना मंदिर में ध्यान साधना शिविर सायं पांच बजे

### विविध

- अग्रसेन कालोनी स्थित श्री हनुमान मंदिर में ध्वज पूजन सुबह सवा सात बजे
- महाराणा प्रताप चौक पर जयंती कार्यक्रम सुबह आठ बजे
- एसएस जैन सभा सिरसा में सत्संग सुबह नौ बजे
- कृषि संकल्प अभियान के तहत किसानों से सीधा संवाद कार्यक्रम सुबह साढ़े 10 बजे
- एसएस जैन सभा कालांवाली में सत्संग सुबह 11 बजे
- लघु सचिवालय में माक ड्रिल शाम पांच बजे

### मौसम

सूर्य अस्त (आज) 7:23
उदय (कल) 5:31

मौसम : आंशिक रूप से बादल छाए रहेंगे

बुधवार का तापमान

39.8° अधिकतम तापमान
29.4° न्यूनतम तापमान

### अनाज मंडी के भाव

| फसल | मंडी भाव |
|---|---|
| नरमा | 7861 रुपये |
| कपास | 6800 रुपये |
| सरसों | 6388 रुपये |
| ग्वार | 4835 रुपये |
| जौ | 2150 रुपये |
| चना | 5231 रुपये |
| गेहूं | 2490 रुपये |

सभी भाव प्रति क्विंटल के हिसाब से हैं।

# शहर के 84 पार्कों के रख रखाव की अलाटमेंट रद करने के फैसले पर फंसा पेंच

**जागरण संवाददाता • सिरसा:** सिरसा नगर परिषद के 84 पार्कों के रख रखाव का टेंडर रद्द करने पर पेंच फंस गया है। जिला नगर आयुक्त के हाउस द्वारा अनुमोदित प्रस्ताव पर जिला नगर आयुक्त ने कार्यकारी अधिकारी से टिप्पणी मांगी थी। जिसके बाद कार्यकारी अधिकारी ने इस पर टेक्नीकल एक्सपर्ट की राय लिखकर डीएमसी कार्यालय में भेज दी। सिरसा नगर परिषद के हाउस की पहली मीटिंग 8 अप्रैल 2025 को हुई थी। इस मीटिंग में पहले से निर्धारित एजेंडे नहीं थे। परंतु हाउस में चेयरमैन शांति स्वरुप ने शहर के 84

### हाउस की पहली मीटिंग में पास एजेंडों पर कार्यकारी अधिकारी के मांगे थे कमेंट्स, अधिकारी ने लिखा एक्सपर्ट की राय जरूरी

पार्कों के रख रखाव करने वाली संस्थाओं से पार्क वापस लेने का प्रस्ताव पास करवाया था। हालांकि कुछ पार्षदों ने इस पर अपनी सहमति नहीं दी थी। इसके बाद हाउस की मीटिंग के मिनिट्स बनाए गए और पास प्रस्तावों को अमलीजामा पहनाने के लिए जिला नगर आयुक्त कार्यालय में भेजा गया। परंतु जब हाउस की मीटिंग के मिनिट्स डीएमसी कार्यालय में गए थे तो उस पर किसी भी कार्यकारी अधिकारी की टिप्पणी नहीं थी।

जिस कारण डीएमसी कार्यालय ने जब इस फाइल को पढ़ा तो मिनिट्स में कमेंट्स ना होने पर इसे कार्यकारी अधिकारी के पास वापस भेज दिया गया। अब कार्यकारी अधिकारी ने पार्कों के रख रखाव के प्रस्ताव रद करने पर अपने कमेंट्स दिए। उन्होंने लिखा कि इस पर टेक्नीकल कमेटी बनाकर एक्सपर्ट की राय लेनी चाहिए। तभी कोई फैसला लिया जा सकें।

### हर पार्क का निरीक्षण करेगी एक्सपर्ट कमेटी

शहर में 84 पार्कों के रख रखाव के लिए एक कमेटी का गठन किया जा सकता है। इस कमेटी में नगर परिषद का एक जेई, संबंधित एरिया का पार्षद और एचएसवीपी के हार्टिकल्चर शाखा से एक जेई को इसमें शामिल करके कमेटी का गठन किया जा सकता है। जिसके बाद ये कमेटी उन पार्कों को चिन्हित करेगी, जिनमें अच्छा काम हुआ है। जिनमें संस्थाओं ने अच्छा काम नहीं किया। उन पार्कों को रद्द करने की अनुशंसा की जा सकती है।

### कईयों की अदायगी रोकी गई और चहेतों की दी

हाउस की मीटिंग के बाद 84 पार्कों को निरस्त करने के लिए नोटिस जारी करने का फैसला लिया गया था। जबकि नए सिरे से आवेदन भी मांगे गए थे। शहर के पार्क को गोद लेने वाले मानवाधिकार परिषद ट्रस्ट के अध्यक्ष तरूण भाटी ने कहा कि नप ने दिसंबर, जनवरी और फरवरी महीने का भुगतान नहीं किया। जिन लोगों ने कमीशन अदायगी अफसरों को की, उन्हें भुगतान कर दिया। वे भुगतान के लिए कई चक्कर लगा चुके हैं, परंतु अदायगी नहीं की गई।



वार्ड 31 की ग्रीन बेल्ट पर झुग्गी वालों ने कब्जा किया हुआ था। जिसे दो दिन पहले ही नगर परिषद ने हटाया तो पार्षद अनु मल्होत्रा व वार्डवासियों ने लड्डू बांटे • इंटरनेट मीडिया

> पार्कों को रद करने के प्रस्ताव पर एक्सपर्ट की राय ली जाएगी। हमने अपनी ओर से कमेंट्स लिखकर भेज दिए है। मीटिंग की फाइल अब डीएमसी कार्यालय के पास है।
>
> **सुरेंद्र सिंह**, कार्यकारी अधिकारी, नगर परिषद सिरसा।

# जीबीएसएम लिंक चैनल से विभाग आज उखाड़ेगा पाइपें, पुलिस बल रहेगा तैनात

## कार्रवाई रोकने के लिए भाजपा नेता कांडा से मिलने पहुंचे किसान, लगाई गुहार

**जागरण संवाददाता • सिरसा :** घग्गर बणी सहदेवा मम्मड़खेड़ा लिंक चैनल पर किसानों की तरफ से दबाई गई अवैध पाइपों को सिंचाई विभाग ने उखाड़ने की तैयारी कर ली है। वीरवार को विभाग की तरफ पुलिस बल की मौजूदगी में कार्रवाई की जाएगी। वहीं कार्रवाई रूकवाने को लेकर कई गांवों के ग्रामीण बुधवार को भाजपा नेता गोबिंद कांडा से भी मिले। जिसके पश्चात कांडा ने उनकी उपायुक्त से बातचीत भी करवाई और कार्रवाई रोकने के संभव प्रयास किए जाने का आश्वासन भी दिया।

जिला प्रशासन की तरफ से जीबीएसएम लिंक चैनल पर दबाई गई पाइपों को हटाने के आदेश किए जाने को लेकर ग्रामीणों में रोष है। कार्रवाई रूकवाने को लेकर किसान लगातार प्रयास कर रहे हैं। बुधवार को किसान इस संबंध में भाजपा नेता गोबिंद कांडा से मिले। लेकिन समस्या का कोई भी हल नहीं निकल पाया है। किसानों का कहना कि उनकी तरफ से कर्ज उठाकर लाइन दबाई गई है। अब फसल होने लगी है तो प्रशासन ने उनकी पाइपों को उखाड़ने का ऐलान किया है। प्रशासन की इस कार्रवाई से सहमत नहीं है।



पंचायत भवन में आयोजित बैठक के दौरान उपस्थित किसान • फाइल फोटो

> जीबीएसएम लिंक चैनल में दबाई गई अवैध पाइपों को उखाड़ा जाएगा। पुलिस की मौजूदगी में पाइपों को उखाड़ा जाएगा। इसके लिए तैयारी कर ली गई है। इसके पश्चात किसान पंखें से ही पानी उठाकर खेतों की सिंचाई कर सकेंगे।
>
> **संदीप शर्मा**, एक्सइएन, सिंचाई विभाग सिरसा।

### बैठक में नहीं बनी सहमति प्रशासन ने दिए आदेश, दबाई गई हैं लगभग 200 के करीब पाइपें

बता दें कि जीबीएसएम लिंक चैनल से झोरड़नाली, ढाणी बंगी, धोतड़, खारिया, भूना चक्का, केहरवाला, सादेवाला, बालासर, कुस्सर गांवों के किसान खेतों की सिंचाई करते हैं। घग्गर में पानी आने के बाद लिंक चैनल में करीब दो माह ही पानी की सप्लाई हो पाती है। गांवों के किसानों की तरफ से पाइपें लगाकर खेतों की सिंचाई की जाती है। इसी बीच कई किसानों की तरफ बड़ी पाइप डालकर बोरवेल को रिचार्ज किया जाता है। पानी अधिक निकाले जाने को लेकर टेल पर स्थित गांवों के किसानों ने इसका विरोध किया और पाइपें उखाड़ने की मांग की है। जिसके चलते जिला प्रशासन ने दोनों गुटों के किसानों की बैठक करवाई। ताकि आपस में सहमति बन सके। लेकिन टेल के किसान जिद्द पर अड़े रहे और प्रशासन ने सभी पाइपों को उखाड़ने के निर्देश दे दिए। बता दें लिंक चैनल में 200 के करीब पाइपें दबाई गई है।

चैनल में पाइपें दबाकर बोरवेल को रिचार्ज करने की शिकायत पर सिंचाई विभाग ने निरीक्षण कर रिपोर्ट तैयार की।

जिसके आधार पर विभाग ने 17 किसानों पर मामला दर्ज करने को लेकर राज्य प्रवर्तन ब्यूरो को शिकायत भेजी थी। लेकिन तथ्य पूरे न होने के कारण प्रक्रिया अधर में ही लटक की गई और सिंचाई विभाग से तथ्य जिसमें फोटो वीडियो या अन्य सामग्री की मांग की थी। लेकिन सिंचाई विभाग की तरफ से पूरे तथ्य न दिए जाने के कारण किसी भी किसान पर मामला दर्ज नहीं हो पाया है। क्षेत्र के किसानों का कहना है कि उक्त किसानों की तरफ से ही पानी चोरी कर बोरवेल में डाला जाता है। विभाग की तरफ से उन किसानों पर मामला दर्ज कर कनेक्शन व पाइपें उखाड़ी जाए। जबकि उन किसानों की तरफ से चोरी किए जाने की सजा सभी किसानों को मिल रही है। विभाग अगर सख्ती करे तो चोरी भी रूक सकती है और पानी भी टेल तक पहुंच सकता है। जबकि पहले भी टेल तक पानी पहुंचता है।

# गांव धनूर में घग्गर नदी की धार में 50 एकड़ भूमि हुई जलमग्न



धनूर में जलमग्न नजर आते घग्गर नदी की धार में आने वाले खेत • इंटरनेट मीडिया

- बांध नहीं हटाया तो पूरी तरह डूब जाएंगे आसपास के खेत
- घग्गर के बीच में बनाया हुआ है बांध, जिस कारण हो रही परेशानी

**संवाद सहयोगी, जागरण • रानियां :** गांव ओटू में बहने वाली घग्गर नदी के किनारे पर बसे गांव धनूर में घग्गर नदी की धार में आने वाली लगभग एक दर्जन से अधिक किसानों की भूमि में लगी सब्जी की फसल जलमग्न हो गई। किसानों की फसल डूबने से उन्हें आर्थिक नुकसान हुआ है। किसान खुशीराम, गोविंद, लेखराज, जसराम, तिलक राज, दीवान चंद ने बताया कि उनकी भूमि घग्गर नदी की धार के अंदर आती है। जिस भूमि पर उन्होंने सब्जी की खेती की हुई है। किसानों द्वारा वहां पर भिंडी, हरी मिर्च सहित अनेक सब्जी की बिजाई कर रखी है। किसानों ने बताया कि ओटू हेड पर पुल का रिपेयरिंग का कार्य चल रहा है। जिसके चलते गांव धनूर के पास घग्गर नदी के बीच में बांध बनाया हुआ है और घग्गर नदी में आया पानी आगे नहीं जा रहा है। जिसकी वजह से घग्गर नदी की धार में आने वाले किसानों के खेत पूरी तरह से जलमग्न हो गए हैं। किसानों ने बताया कि अगर जल्द ही घग्गर नदी के बीच में बनाए गए बांध को नहीं हटाया तो आसपास के साथ लगते खेत भी पूरी तरह डूब जाएंगे। किसानों ने मांग की है कि जल्द घग्गर नदी के बीच में बनाए गए बांध को हटाया जाए। किसानों ने मांग की है कि जलमग्न हुई फसल की वजह से किसानों को जो नुकसान हुआ है सरकार उन किसानों को मुआवजा दें ताकि उनको आर्थिक नुकसान नहीं हो सके।

# कपिल कुलड़िया को योग के लिए मुख्यमंत्री ने किया सम्मानित

**संस, जागरण • नाथूसरी चौपटा :** पंचकूला में आयोजित योग महोत्सव में सूर्य नमस्कार 2025 प्रतियोगिता के विजेताओं को सम्मानित किया गया। इनमें नाथूसरी कलां के कपिल कुलड़िया को मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने सम्मानित किया। मुख्यमंत्री ने आयुष विभाग सिरसा में कार्यरत कपिल कुलड़िया को विभागीय उत्कृष्ट कार्य के लिए सम्मानित किया। कार्यक्रम में स्वास्थ्य मंत्री कुमारी आरती सिंह राव, आयुष महानिदेशक संजीव वर्मा, योग आयोग के चेयरमैन डा. जयदीप आर्य, एसीएस वंदना सिसोदिया उपस्थित रहे।

# एसपीओ की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत

**जागरण संवाददाता, जागरण • सिरसा:** जिला के ओढ़ां खंड के गांव रोहिड़ांवाली में रहने वाले एक पुलिसकर्मी की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। मृतक पुलिसकर्मी मांगेराम का शव ओढ़ां क्षेत्र की एक नहर की पटरी पर बरामद हुआ। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए मोर्चरी में रखवाया है। वर्तमान में पुलिसकर्मी मांगेराम की ड्यूटी फतेहाबाद जिला के शहर थाना में एसपीओ के पद पर तैनात था। पुलिस मृत्यु के कारणों की जांच में जुटी है।

# दोस्तों ने लगाई नशे की लत, अब ओवरडोज दी, जिससे मरा मेरा भाई

**फालोअप**

**संवाद सहयोगी, जागरण • डबवाली :** गांव अबूबशहर में नशे की ओवरडोज से युवक की मौत होने के मामले में सदर थाना पुलिस ने उसके चार दोस्तों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। बुधवार को डबवाली के उपमंडल नागरिक अस्पताल में शव का पोस्टमार्टम करवाने के बाद शव उसके वारिसों को सौंप दिया गया। बता दें, मंगलवार को नशे की ओवरडोज से 26 वर्षीय अर्शदीप की मौत हो गई थी। पुलिस ने मृतक के बड़े भाई गांव अबूबशहर निवासी गुरलाभ सिंह उर्फ सन्नी के बयान पर कार्रवाई की है। उसने पुलिस को बताया कि वह नाई की दुकान करता है। उसके पिता की वर्ष 2016 में मौत हो गई थी। उसके भाई को गुरविंद्र सिंह, दीप, मंगल, सुखविंद्र उर्फ सुक्खू नशीले पदार्थ नशा करने के लिए देते थे। चारों को उसने तथा स्वजनों ने कई बार ऐसा करने से रोका था। उक्त लोगों ने उसके भाई को नशे का आदी बना दिया। 27 मई को सुबह करीब 11 बजे गांव अबूबशहर निवासी गुरविंद्र सिंह, दीप उसके घर आए थे। दोनों अपने साथ अर्शदीप को लेकर मंगल, सुखविंद्र के पास चले गए। अर्शदीप ने उसे बताया कि गुरविंद्र, दीप, मंगल, सुखविंद्र उर्फ सुक्खू ने धक्के से उसे ज्यादा नशा दे दिया है। गुरलाभ के अनुसार कुछ देर बाद ही नशे के कारण उसके भाई की मौत हो गई। गुरलाभ के अनुसार उक्त चारों लड़के मिलकर नशा बेचते हैं।

**16 दिन में तीन की मौत**

अबूबशहर में पिछले 16 दिनों में तीन युवकों की मौत नशे के कारण हो चुकी है। 11-12 मई को पहली, 22 मई को दूसरी मौत हुई थी। 27 मई को जलघर के समीप तीसरे युवक का शव मिला था।

# रुपये डबल करने के मामले में एक आरोपित नेजियाखेड़ा से गिरफ्तार, अन्य की तलाश जारी

**जागरण संवाददाता • सिरसा :** जिला की नाथूसरी चौपटा थाना पुलिस ने बीती 25 मई को पंजाब के बठिंडा निवासी एक व्यक्ति से सिरसा में कुछ लोगों द्वारा राशि डबल करने का लालच देकर तीन लाख रुपए की ठगी करने वाले गिरोह के एक युवक को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपित की पहचान राजस्थान के हनुमानगढ़ जिला के भिरानी थाना के गांव रतनपुरा निवासी सोमबीर के रूप में हुई है। आरोपित को पुलिस ने नेजियाखेड़ा गांव से गिरफ्तार किया है। अब पुलिस आरोपित से घटना में संलिप्त अन्य आरोपितों के संबंध में पूछताछ कर उनकी गिरफ्तारी के प्रयास में जुटी है।

**यह था मामला :** पंजाब के बठिंडा की एकता नगर कालोनी निवासी तन्मय उर्फ गोल्डी ने पुलिस को दी शिकायत में बताया था कि उसके दोस्त लब्बा से उसे आरोपित सोमबीर का संपर्क मिला था जो कि रुपये डबल करने का काम करता है। उसने आरोपित सोमबीर से संपर्क किया तो उसने अपने बास सतनाम चौक सिरसा निवासी भूरा से मिलवाने की बात कहते हुए सिरसा आने को कहा। वह 25 मई को अपने दोस्त रमनदीप के साथ सिरसा पहुंचा। यहां उसे आरोपितों ने अपने जाल में फंसाकर तीन लाख रुपये ठग लिए और पुलिस की वर्दी पहने दो आरोपित उसे धमकाते हुए फूलकां गांव के पास छोड़कर फरार हो गए थे। उसने डायल 112 को सूचित किया जिसके बाद टीम ने उसे चौपटा थाना में छोड़ दिया। पुलिस के अनुसार घटना में शामिल मुख्य आरोपित भूरा के खिलाफ पहले भी रूपये डबल करने के नाम पर ठगी का मामला दर्ज है। जिसकी तलाश जारी है।



पुलिस गिरफ्त में ठगी का आरोपित सोमबीर व चौपटा थाना की टीम • पीआरओ सिरसा

# धोतड़ के छोटू राम 447 वोट लेकर बने विजेता

**संवाद सहयोगी, जागरण • रानियां:** दि रानियां बहुउद्देशीय प्राथमिक कृषि सहकारी समिति लिमिटेड के चुनाव बुधवार को करवाए गए। जिसमें प्रबंधक कमेटी के सदस्यों के चुनाव में छोटू राम ने 447 वोट लेकर जीत हासिल की। वहीं बलजीत सिंह ने 432 वोट लेकर दूसरा, अंग्रेज सिंह बाजवा ने 347 वोट लेकर तीसरा, राजकुमार मेहता 303 वोट के साथ चौथा व गुरजंट सिंह 301 वोट लेकर पांचवें स्थान पर रहे। चुनाव अधिकारी लीलू राम ने बताया कि रानियां बहुउद्देशीय प्राथमिक कृषि सहकारी समिति के कुल 3762 मतदाताओं में से 2655 मतदाताओं ने वोट डोले। मतदान के लिए कुल 6 बूथ बनाए गए जिसमें मोहम्मदपुरिया, मंगालिया, धोतड़, थेडी रत्न सिंह व रानियां अनाज मंडी में दो बूथ बनाए गए थे। मतदान केंद्र पर सुरक्षा के लिए कड़ी व्यवस्था की गई थी। उन्होंने बताया कि मतदान के तुरंत बाद मतगणना का कार्य शुरू किया गया। कुल 9 उम्मीदवारों में 5 उम्मीदवार विजयी हुए जबकि चार उम्मीदवारों को हार का सामना करना पड़ा। रानियां में पैक्स का चुनाव सुबह 9 बजे से शुरू होकर शाम 4 बजे तक मतदान हुआ। शाम 4 के बाद मतगणना का कार्य आरंभ किया गया।

रानियां पैक्स चुनाव के अंतर्गत छह बूथों पर मतदान हुआ जिसमें दो बूथ रानियां की अनाज मंडी में बनाए गए वहीं गांव महम्मदपुरिया, धोतड़, मंगालिया व थेडी रत्न सिंह में मतदान के लिए एक-एक बूथ बनाए गए।



पैक्स चुनाव में जीत के बाद जश्न मनाते हुए विजेता उम्मीदवार • जागरण

### 71 प्रतिशत हुआ मतदान, 9 उम्मीदवारों ने लिया भाग

रानियां पैक्स चुनावों में कुल 3762 मतदाताओं में से 2655 वोट पोल हुए जो मतदान 71 प्रतिशत मतदान रहा। चुनावों में कुल 9 उम्मीदवारों भाग लिया जिसमें पांच उम्मीदवारों ने सबसे ज्यादा वोट लेकर जीत हासिल की जबकि चार उम्मीदवारों को कम वोट मिलने के कारण हार का सामना करना पड़ा।

# वाइस चैयरमैन को लेकर सरगर्मियां शुरू प्रतिनिधिमंडल ने पार्षदों से लिया फीडबैक

**जागरण संवाददाता • सिरसा:** सिरसा नगर परिषद के वाइस चैयरमैन को लेकर चुनावी सरगर्मियां शुरू हो चुकी है। भाजपा हाइकमान ने इसे लेकर अपने पार्षदों से फीडबैक ले लिया है। बाकायदा इसके लिए एक दो सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल को पार्षदों के पास भेजा था। जबकि कुछ दिन पहले तिरंगा यात्रा पर भी भाजपा के वरिष्ठ नेताओं ने अपने अपने समर्थकों के नाम हाइकमान को भेजे थे। चुनावों में भाजपा ने अध्यक्ष पद पर कब्जा किया था। सीधे चुनाव में भाजपा के शांति स्वरूप ने कांग्रेस की जसविंदर कौर को हराया। इस चुनाव में 32 पार्षदों में से भाजपा के 20 पार्षद जीते। जिसके बाद अब भाजपा ने वाइस चैयरमैन के लिए अपने पार्षदों की राय जुटानी शुरू कर दी है।

### 20 में से पहुंचे 14 पार्षद

भाजपा हाइकमान ने दो सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल को बीते दिन शनिवार को सिरसा के पीडब्लूडी हाउस में भेजा। इस प्रतिनिधिमंडल के समक्ष 20 में से 14 पार्षद पहुंचे। प्रतिनिधिमंडल ने सभी से अलग अलग ब्यौरा लिया। चेयरमैन के काम काज को लेकर सवाल किए। शहर में विकास के काम हो रहे हैं या नहीं। वाइस चैयरमैन के लिए कौन सा नाम उपयुक्त है। भाजपा के 14 में से अधिकतर पार्षदों ने दूसरों का नाम लेने की बजाए अपना नाम ही रखा। हालांकि इस मीटिंग में 6 पार्षद नहीं पहुंचे।

### भाजपा-हलोपा अपने बनाना चाहते हैं वाइस चैयरमैन

सिरसा नगर परिषद के चुनावों में भाजपा और हलोपा गठबंधन ने मिलकर चुनाव लड़ा था। इस चुनाव में भाजपा ने 11 और हलोपा ने 9 वर्कर पार्षद बने। परंतु अब वाइस चैयरमैन के चुनाव को लेकर दोनों गुटों में खींचतान चल रही है। हलोपा खेमे से भाजपा पार्षद चंद्रिका गनेरीवाला, मोनिका सर्राफ सबसे मजबूत दावेदार है। जबकि दूसरी ओर भाजपा से पुराने भाजपाई महावीर प्रसाद रातुसरिया के पोते संजीव रातुसरिया मजबूत दावेदार है। हालांकि कुछ महिला पार्षद भी अपनी दावेदारी जता रही है।

# बीरूवाला गुढा को डबवाली में शामिल करने के विरोध में उपायुक्त से मिले ग्रामीण

**जागरण संवाददाता • सिरसा:** सिरसा से डबवाली को अलग जिला बनाने की चर्चाएं चल रही है। इसी के चलते बीरूवाला गुढा के ग्रामीण बीते दिन मंगलवार को डीसी कार्यालय पहुंचे। उन्होंने डबवाली के अलग जिला बनाए जाने पर बीरूवाला गुढा को सिरसा खंड में रखने के लिए अनुरोध किया। डीसी को मांग पत्र देने पहुंचे भूप सिंह नंबरदार, सुखविंद्र सिंह, लखविंद्र सिंह, मंदर सिंह, गुरमेल सिंह, संदीप सिंह ने बताया कि उनके गांव बीरूवाला गुढा की सिरसा से 20 किलोमीटर की दूर पर है। जिसके चलते हर काम के लिए सिरसा आते हैं। पहले हमारी तहसील भी सिरसा ही थी। लेकिन कुछ समय पहले हमारी तहसील कालांवाली कर दी गई। जिससे हमारे गांव की तहसील को डबवाली किया जा रहा है। जो कि हमारे गांव से 70 किलोमीटर दूर है और आने जाने के लिए पर्याप्त सुविधाएं जैसे सीधी बस सेवा नहीं है। ज्यादातर लोगों के बैंक खाते और आढ़त भी सिरसा में ही है। यदि हमारे गांव को तहसील व जिला डबवाली में शामिल किया जता है तो हमें हम काम के लिए 70 किलोमीटर दूर डबवाली जाना पड़ेगा। जिससे हमें काफी परेशानियों का सामना करना पड़ेगा। इसलिए हमें सिरसा जिले में ही जाए।



डीसी से मिलने पहुंचे बीरूवाला गुढा के ग्रामीण • जागरण

GH गुप्ता हस्पताल
आयुष्मान भारत के पैनल पर है।
डॉ. नकुल गुप्ता
MBBS, MD, (Medicine)
भूतपूर्व कंसल्टेन्टः गंगाराम हस्पताल, दिल्ली
ब्लड प्रेशर, शुगर, हृदय, पेट रोग, लीवर, साँस, दमा, गठिया व जोड़, नींद ना आना, डिप्रैशन, सिर दर्द, घबराहट दौरे, शराब एवं HIV / AIDS रोग विशेषज्ञ
हरियाणा सरकार व ECHS के पैनल पर
सैक्टर-14, गेट नं. 2,
नजदीक बी.जे.पी. कार्यालय, हिसार (हरियाणा)
मो. 01662-316065, 92543-78993

*********

## एक नजर में

### किचन गार्डन के लिए जारी हुआ 31.30 लाख का बजट

जासं ● सिरसा: जिले के सरकारी स्कूलों में बनाए गए किचन गार्डन को विकसित करने के लिए शिक्षा विभाग की ओर से वार्षिक बजट जारी कर दिया है। विभाग की ओर से जिले के 626 स्कूलों को प्रति स्कूल पांच हजार रुपये के हिसाब दिया गया है। विभाग की ओर से 31 लाख 30 हजार रुपये का बजट भेजा गया है। इसके अलावा 106 स्कूलों में पहले ही पांच लाख 30 हजार रुपए का बजट जारी कर दिया गया था। विद्यालयों में इसके माध्यम से सब्जियां, फल व फूल उगाए जाएंगे। विद्यार्थियों को इसके माध्यम से पर्यावरण संरक्षण का पाठ पढ़ाया जाएगा। शिक्षकों की देखरेख में विद्यार्थी बागवानी सीखेंगे। पाठशाला का माहौल भी बेहतरहोगा।

### चेरिटेबल ट्रस्ट के प्रधान मुकेश कुमार सम्मानित

सिरसा ● वि: योग मित्र चेरिटेबल ट्रस्ट सिरसा के प्रधान मुकेश कुमार को पंचकुला में आयोजित योग महोत्सव में सीएम नायब सिंह सैनी द्वारा प्रशंसा पत्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में 12 जनवरी से 12 फरवरी तक चले राज्य स्तरीय सूर्य नमस्कार अभियान में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले 264 प्रतिभागियों को सम्मानित किया गया । ट्रस्ट के सचिव जुगती राम ने बताया कि ट्रस्ट की महिला प्रदेश अध्यक्ष प्रिया गोयल व ट्रस्ट में कार्यरत योग सहायक विनोद कुमार, अमित कुमार, मैनपाल, राजेंद्र, टोनी द्वारा सिरसा शहर व गांव में जाकर योग का प्रचार-प्रसार किया जा रहा है तथा ट्रस्ट की समय-समय पर सामाजिक क्षेत्र में भी भागीदारी रही है।

### सीजेएम ने किया वन स्टाप सेंटर का औचक निरीक्षण

सिरसा ● वि: मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी प्रवेश सिंगला ने बुधवार को वन स्टाप सेंटर का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने हाजिरी रजिस्टर चेक किया और सुविधाओं का भी जायजा लिया। उन्होंने कहा कि वन स्टाप सेंटर का उद्देश्य महिलाओं की सहायता करना है, इसमें निजी या सार्वजनिक स्थानों, परिवार, समुदाय या कार्यस्थल पर होने वाली हिंसा शामिल हैं। उन्होंने बताया कि ऐसी कोई भी महिला किसी भी प्रकार की कानूनी सहायता के लिए हेल्पलाइन नंबर 15100 या 01666-247002 पर संपर्क कर सकते हैं।

### 32 बोर पिस्तौल, कारतूस सहित एक गिरफ्तार


संस, जागरण ● डबवाली: गोरीवाला चौकी पुलिस ने गंगा-मोड़ी रोड पर व्यक्ति को 32 बोर पिस्तौल तथा एक कारतूस सहित काबू किया है। आरोपित की पहचान फतेहाबाद जिले के थाना भट्टू कलां के गांव बनगांव निवासी प्रदीप कुमार के रूप में हुई है। गोरीवाला चौकी प्रभारी एएसआइ जयवीर सिंह ने बताया कि एएसआइ विजय सिंह अपनी पुलिस पार्टी के साथ गांव मोड़ी से गंगा जा रहे थे। गांव मोड़ी नहर के नजदीक पहुंचे तो मोडी नहर के पुल पर एक युवक खड़ा दिखाई दिया। पुलिस की गाड़ी को देखकर वह घबरा गया। वापस मुड़कर तेज कदमों से चलने लगा। संदेह के आधार पर कर्मचारियों की सहायता से युवक को काबू करके तलाशी लेने पर उसके पास अवैध असला 32 बोर देसी पिस्तौल व एक कारतूस बरामद हुआ। सदर थाना पुलिस ने आरोपित के खिलाफ केस दर्ज किया है। उन्होंने बताया कि आरोपित को रिमांड पर लिया जाएगा।

# जिला के पन्नीवाला रुलदू स्कूल में बनेगी पोषण वाटिका, बच्चों को मिलेगा सेहतमंद आहार

## मिड-डे मिल में बच्चों को परोसे जाएंगे वाटिका में उगाई गई सब्जियां और फल

जागरण संवाददाता ● सिरसा : प्रदेश का शिक्षा विभाग सरकारी स्कूलों के बच्चों को फिट और हेल्दी बनाने के लिए निरंतर कार्य कर रहा है। अब स्कूलों में विद्यार्थियों को पौष्टिक भोजन देने के क्रम में स्थानीय खाद्य पदार्थों को भी शामिल किया जाएगा। इसको लेकर प्रदेश के सभी जिलों में एक-एक स्कूल में पायलट प्रोजेक्ट के तौर पर पोषण वाटिका खोली जा रही है। इसको लेकर शिक्षा निदेशालय की ओर से निर्देश जारी किए गए है। जिले के डबवाली उपमंडल के गांव पन्नीवाला रुलदू स्कूल को पोषण वाटिका बनाने के लिए चयन किया गया है। बीते दिनों शिक्षा निदेशालय की ओर से प्रदेश के सभी जिला मौलिक शिक्षा अधिकारियों को एक पत्र जारी कर पोषण वाटिका के लिए स्कूलों के नाम मांगे थे। पोषण वाटिका के लिए वही स्कूल अप्लाई कर सकता था जिसके पास खेल ग्राउंड के अलावा आधा एकड़ या उससे अधिक जमीन उपलब्ध हो। स्कूल के पास पोषण वाटिका में लगाए जाने वाले पेड़-पौधों व सब्जियों को सिंचित करने के लिए पर्याप्त पानी हो। मिट्टी भी अच्छी हो।

**पोषण वाटिका में यह बनाया जाएगा :** स्कूलों में बनने वाली पोषण वाटिका में फल और सब्जियां उगाई जाएगी। जिसमें फलों में चीकू, अमरूद, आम, पपीता, अनार, अंगूर, ड्रेगन फ्रूट, नीम, तुलसी के पेड़ लगाए जाएंगे। इसके अलावा सब्जियों में अधिकतर हरी सब्जियां उगाई जाएगी। फिर इन्हीं फलों व सब्जियों को स्कूलों में बच्चों को मिड-डे मिल के दौरान बनाकर दिया जाएगी।



पन्नीवाला रुलदू गांव स्थित राजकीय सीनियर सैकंडरी स्कूल। ● फाइल फोटो

> शिक्षा विभाग की ओर से प्रत्येक जिले के एक स्कूल में पोषण वाटिका बनाई जा रही है। जिले में पोषण वाटिका बनाने के लिए पन्नीवाला रुलदू स्कूल का नाम निदेशालय को भेजा गया है।
>
> -संजय मोंगा, नोडल अधिकारी, मिड-डे-मील

### विद्यार्थियों को हेल्दी बनाए रखने में यह अच्छा कदम

राजकीय माडल सेकेंडरी स्कूल चत्तरगढ़पट्टी के मुख्य अध्यापक बंसी लाल झोरड़ ने स्कूलों में पोषण वाटिका बनाने पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि यह एक अच्छी पहल है। इससे विद्यार्थियों को ताजा फल और सब्जियां उपलब्ध कराई जा सकेगी। इसके अलावा विद्यार्थी के लिए काफी फायदा होगा। उनको फिट और हेल्दी रखने के लिए यह कदम उठाए गए है। जो बेहद शानदार कदम है।

## मंदिरों में श्रद्धा से मनाया श्री शनि जन्मोत्सव

संवाद सहयोगी जागरण ● कालांवाली : शहर के दादू रोड स्थित श्री शनि शिंगणापुर धाम मंदिर व प्राचीन श्री दुर्गा मंदिर में मंगलवार को श्री शनि जन्मोत्सव हर्षोल्लास से मनाया गया। इस अवसर पर भंडारा भी लगाया गया, जिसे श्रद्धालुओं ने श्रद्धा से ग्रहण किया।

श्री शनि शिंगणापुर धाम मंदिर कमेटी के सदस्य भरत मोंगा ने बताया कि मंदिर के पुजारी काला शर्मा की देखरेख में सुबह आठ बजे से तेल अभिषेक शुरू किया जोकि देर रात्रि तक जारी रहा। इसके अलावा रात्रि को चुन मुन भजन मंडली द्वारा गुणगान किया गया। इस अवसर पर भाजपा मंडल अध्यक्ष लवली गर्ग, विश्व हिंदू परिषद से दिनेश गर्ग, सतीश राजपाल, विजय डबवाली, एडवोकेट सचिन सिंगला, भारत मोंगा, जतिन जैन, सोनू शर्मा, सुरेंद्र काला बाबा, राहुल मोदी, मोनिका शर्मा, चरणदास चन्नी मौजूद रहे। इसी तरह प्राचीन श्री दुर्गा मंदिर में कमेटी के प्रधान नरेश सिंगला की देखरेख में श्री शनि जन्मोत्सव मनाया गया। इस मौके पर मंदिर की भजन मंडली द्वारा भजनों द्वारा गुणगान किया।

## संक्षिप्त समाचार

### ज्योतिष एवं वास्तु सम्मेलन में अतिथि होंगे डा. गुरभेज ढिल्लों

सिरसा ● वि: काशी हिंदू विश्वविद्यालय वाराणसी में विवि के ज्योतिष विभाग एवं मां शारदा ज्योतिष धाम अनुसंधान संस्थानम इंदौर के संयुक्त तत्वावधान में आगामी 13 व 14 अक्टूबर को अंतरराष्ट्रीय ज्योतिष एवं वास्तु सम्मेलन आयोजित किया जाएगा। सिरसा के वैदिक ज्योतिष एवं वास्तुकार डा. गुरभेज सिंह ढिल्लों को सम्मानित अतिथि व प्रवक्ता के रूप में आमंत्रित किया हैं। सम्मेलन में विश्व के 500 लोगों को आमंत्रित किया गया है। बता दें कि डा. गुरभेज सिंह ढिल्लों ने ज्योतिष व वास्तु क्षेत्र में न केवल देश भर में बल्कि विश्व के अनेक देशों में अपनी विशेष पहचान बनाई है। इसी कड़ी में गत 9 मार्च को चंडीगढ के होटल पार्क व्यू में ज्योतिष प्रांगण संस्था द्वारा इंटरनेशनल ज्योतिष आचार्य व वास्तुकार गुरभेज सिंह ढिल्लों को एप्रिसिएशन अवार्ड ऊर्जा-2025 अवार्ड से सम्मानित किया गया। बता दें कि गुरभेज सिंह ढिल्लों ने इससे पूर्व दिसंबर माह में विक्रम विश्वविद्यालय उज्जैन में महाराजा विक्रमादित्य शोधपीठ, आचार्य वराहमिहिर न्यास डोंगला प्रकल्प, उज्जैन एवं साउथ एशियन एस्ट्रो फेडरेशन नेपाल के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित अंतरराष्ट्रीय ज्योतिष-तंत्र एवं वास्तु महाधिवेशन में शोध पत्र प्रस्तुत किया।



डा. गुरभेज ढिल्लों। ● विज्ञप्ति

### वकील लायंस क्लब अध्यक्ष तो मनीष नागपाल बने सचिव



कार्यकारिणी का स्वागत करते क्लब के सदस्य। ● विज्ञप्ति

संस, जागरण ● ऐलनाबाद: लायंस क्लब की बैठक पूर्व अध्यक्ष सुरेंद्र हिमानी के प्रतिष्ठान पर संरक्षक अमरपाल खोसा की अध्यक्षता में हुई। बैठक में सर्वसम्मति से वकील सिंह को पुनः अध्यक्ष चुना गया। मनीष नागपाल को सचिव व अमित मोदी को कैशियर की जिम्मेदारी दी गई। सभी सदस्यों ने नई कार्यकारिणी का फूल मालाएं पहनाकर स्वागत किया। अध्यक्ष वकील सिंह ने कहा कि सदस्यों ने उन पर जो विश्वास दिखाया है, उस पर वह खरा उतरने का प्रयास करेंगे और हमेशा समाज सेवा के क्षेत्र में लायंस क्लब को क्षेत्र में एक अग्रणी संस्था बनाने के लिए प्रयासरत रहेंगे। उन्होंने सभी सदस्यों से आग्रह कि वे समाज सेवा के नए नए प्रोजेक्ट सुझाए ताकि उन प्रोजेक्ट पर कार्य करते हुए, उन्हें अच्छे तरीके से लगाया जा सके। इस मौके पर सुरेंद्र हिमानी, आशु बंसल, सरपंच सतनारायण बसीर, कुलदीप, गोरु लढ़ा, डा. एनआर सिद्ध, नितिन सोमानी मौजूद रहे।

### योग दिवस कार्यक्रम को लेकर बैठक में बनाई रूपरेखा



बैठक में उपस्थित योग समिति व भारत स्वाभिमान ट्रस्ट के सदस्य। ● विज्ञप्ति

जासं ● सिरसा: पतंजलि योग समिति व भारत स्वाभिमान ट्रस्ट द्वारा 21 जून को कुरुक्षेत्र में मनाए जाने वाले अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर जिला सिरसा की सहभागिता सुनिश्चित करने के लिए बैठक आयोजित की गई। पतंजलि योग समिति के प्रवक्ता मोहनलाल अरोड़ा ने बताया कि बैठक की अध्यक्षता भारत स्वाभिमान ट्रस्ट के जिला प्रभारी हरदयाल बेरी ने की। महामंत्री वीरेंद्र नागपाल व उर्वशी तंवर ने बताया कि जिला सिरसा से योग शिक्षकों योग साधकों को कुरुक्षेत्र लेकर जाने के लिए बसों का प्रबंध किया जाएगा।

## शाह सतनाम जी स्कूल की प्राचार्या को मुख्यमंत्री ने किया सम्मानित

जागरण संवाददाता ● सिरसा : शाह सतनाम जी गर्ल्स स्कूल सिरसा की प्रधानाचार्या डा. शीला पूनिया को पंचकूला में आयोजित योग महोत्सव में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने सम्मानित किया। उन्हें यह सम्मान सूर्य नमस्कार अभियान 2025 में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए प्रदान किया गया। शाह सतनाम जी गर्ल्स स्कूल सिरसा की छात्राओं की सूर्य नमस्कार में सबसे अधिक भागीदारी रही है और समग्र स्वास्थ्य के लिए योग को बढ़ावा देने की दिशा में स्कूल लगातार कार्य कर रहा है। प्रधानाचार्या डा. शीला पूनिया ने अवार्ड मिलने पर मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी का आभार जताया। उन्होंने कहा कि इस तरह के अवार्ड से निश्चित तौर पर सेवा के प्रति और समर्पित रहने की प्रेरणा मिलती है और आत्मविश्वास भी बढ़ता है।

**अब तक मिल चुके है 54 अवार्ड :** प्रधानाचार्या डा. शीला पूनिया को अब तक 54 अवार्ड मिल चुके हैं। जिनमें मुख्य रूप से शिक्षा के क्षेत्र एडु लीडर अवार्ड, एजुकेशन एक्सीलेंस एम्पावरिंग इंडिया अवार्ड, नंबर वन सीबीएसई स्कूल इन हरियाणा अवार्ड, 2023 -24 में प्रिंसिपल ऑफ द ईयर अवार्ड, हरियाणा लेजिस्लेचर असेंबली के सदस्य दुर्गा राम के द्वारा 2021-22 में शिक्षा के क्षेत्र में प्रशंसनीय कार्य के लिए सम्मानित किया गया। इसके अलावा जनवरी 2022 में हरियाणा विधानसभा के वाइस प्रेसिडेंट रहे रणबीर गंगवा द्वारा सम्मानित किया गया।



सीएम से मिले सम्मान को दिखाती प्रधानाचार्या डा. शीला पूनिया। ● विज्ञप्ति

## युवतियों को माहवारी के दौरान सफाई का ध्यान रखना चाहिए ध्यान : कमल कक्कड़

जागरण संवाददाता ● सिरसा : जिला के राजकीय स्कूलों व स्वास्थ्य केंद्रों में माहवारी स्वच्छता दिवस कार्यक्रम आयोजित किया गया। राष्ट्रीय किशोर स्वास्थ्य कार्यक्रम के प्रेरक एवं जिला अर्श काउंसलर कमल कक्कड़ ने बताया कि कार्यक्रम के तहत जिले के सरकारी स्कूलों में व सभी स्वास्थ्य केंद्रों में युवतियों व महिलाओं को माहवारी के प्रति जागरूक किया गया।

कमल कक्कड़ ने बताया कि विश्व मासिक धर्म स्वच्छता दिवस मनाने का उद्देश्य युवतियों व स्त्रियों को माहवारी के दौरान स्वच्छता संबंधी ज़रूरी जानकारी मुहैया कराना है, जिससे वे अनजाने में किसी जानलेवा बीमारी की चपेट में ना आ जाएं और हमेशा स्वास्थ्य स्वस्थ रहे। युवतियों को मासिक धर्म के दौरान स्वच्छता रखनी चाहिए जिससे वे अन्य बीमारियों से बची रह सकती हैं। उन्होंने कहा कि मासिक धर्म स्वच्छ स्वस्थ समाज के लिए आइना है इसलिए हमें कभी भी घबराना नहीं चाहिए। सभी किशोरियों को सरकार द्वारा चलाई जा रहे स्वच्छता एवं स्वास्थ्य जैसे कार्यक्रमों के बारे में जानकारी होनी चाहिए। 10 से 19 साल तक की किशोरियों के लिए सरकार द्वारा समय-समय पर सेनेटरी नैपकिन, आयरन गोली, एल्बेंडाजोल गोली जैसी सप्लीमेंट देकर उन्हें स्वस्थ रखने के लिए कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं

कमल कक्कड़ ने कहा कि माहवारी युवतियों के शरीर में होने वाली सामान्य स्थिति है और किशोरावस्था में प्रत्येक युवती इसका अनुभव करती है। माहवारी 10 से 19 साल तक की उम्र में शुरू होकर 40-45 साल की उम्र में समाप्त हो जाती है। यह प्रक्रिया हर 28-30 दिनों के बीच होती है। यह बढ़ती उम्र के साथ-साथ शरीर में भी हो रहे बदलाव और विकास का एक हिस्सा है। उन्होंने कहा कि माहवारी में सेनेटरी नैपकिन का इस्तेमाल जरूर करना चाहिए। सेनेटरी नैपकिन गीला हो जाने पर तुरंत ही बदलना चाहिए।



पोस्टर के माध्यम से जागरूक करती छात्राएं। ● विज्ञप्ति

## देश या समाज की सामूहिक चेतना और प्रतिभा का प्रतीक है पुस्तकालय : एडीसी



बोर्ड परीक्षा में मेरिट हासिल करने वाली छात्राओं को सम्मानित करते एडीसी लक्षित सरीन। ● विज्ञप्ति

संवाद सहयोगी जागरण ● नाथूसरी चौपटा : नाथूसरी कलां गांव में महिला डिजिटल लाइब्रेरी का शुभारंभ एडीसी लक्षित सरीन ने बतौर मुख्यातिथि किया। इस दौरान कक्षा दसवीं एवं 12वीं में मेरिट हासिल करने वाली छात्राओं को ग्राम पंचायत द्वारा सम्मानित किया गया।

एडीसी ने कहा कि पुस्तकालयों के विकास और डिजिटलीकरण को बढ़ावा देने और पढ़पे की संस्कृति को विकसित करने के उद्देश्य से पुस्तकालय की स्थापना की गई है। पुस्तकालयों का विकास समाज और संस्कृति के विकास से जुड़ा होता है। यह सभ्यताओं की उन्नति का पैमाना भी होता है। पुस्तकालयों को किसी देश या समाज की सामूहिक चेतना और प्रतिभा का प्रतीक माना गया है। पुस्तकालय सभ्यताओं के बीच सेतु का काम करते हैं। उन्होंने युवाओं से पुस्तकालय में मन लगाकर पढ़ाई करने का आह्वान किया। सरपंच रीटा जगतपाल कासनियां ने कहा कि महिला पुस्तकालय के निर्माण से महिलाओं और लड़कियों को पढ़ाई की सुविधा गांव में ही उपलब्ध हो पाएगी। उन्होंने कहा कि प्राचीन और मध्यकाल में कई देशों के लोग भारत से पुस्तकें ले जाते थे, उनका अनुवाद करते थे और ज्ञान अर्जित करते थे। ऐसे प्रयासों के पीछे यही विचार काम करता है कि पुस्तकें और पुस्तकालय मानवता की साझी विरासत हैं। उन्होंने कहा कि पुस्तकालय के निर्माण से गांव की लड़कियों को अब बाहर नहीं जाना पड़ेगा उनका गांव में ही पूरी सुविधा मिलेगी और पढ़ाई करके अपना कैरियर बन सकती है। विशिष्ट अतिथि सतवीर सिंह ढिढारिया और पंचायती राज अभियंता गौरव भारद्वाज ने कहा कि एक छोटी-सी पुस्तक में विश्व-इतिहास की धारा को बदलने की क्षमता होती है।

उन्होंने गांधीजी की आत्मकथा का जिक्र किया, जिसमें उन्होंने जॉन रस्किन की किताब अनटू दिस लास्ट के उनके जीवन में हुए रचनात्मक परिवर्तन का उल्लेख किया है। इस मौके पर प्रवक्ता दलबीर सिंह, जगतपाल कासनियां, हरपाल कासनियां, गोशाला कमेटी प्रधान संतलाल कासनिया, मास्टर विनोद कासनियां, भूपेश नंबरदार, ब्लाक मेंबर पवन गहलोत, वेद प्रकाश नंबरदार, मास्टर बलराम, राजेश कड़वासरा, सुरजीत कड़वासरा, रघुवीर कड़वासरा, कालूराम भडिया, सतवीर सिंह, देवीलाल भाटिया, लीलाधर बैनीवाल, रितु वर्मा, सुलक्षणा सिहाग मौजूद रही।

## दिल्ली पब्लिक स्कूल में दसवीं बोर्ड परीक्षा की टापर नम्रता सम्मानित



छात्रा को सम्मानित करती प्रधानाचार्या रमा व पार्षद चंद्रिका गनेरीवाला। ● विज्ञप्ति

जासं ● सिरसा : दिल्ली पब्लिक स्कूल में टापर्स के सम्मान में समारोह आयोजित किया गया। दसवीं और बारहवीं की बोर्ड परीक्षाओं में टाप करने वाले सभी विद्यार्थियों को स्कूल प्रबंधन की ओर से सम्मानित किया गया। दसवीं की परीक्षा में 97.8 प्रतिशत अंकों के साथ अव्वल आने वाली छात्रा नम्रता गनेरीवाला को स्कूल प्रबंधन ने सम्मानित किया। समारोह का आगाज प्रधानाचार्या रमा दहिया एवं पार्षद चंद्रिका गनेरीवाला ने किया। प्रधानाचार्या रमा दहिया ने कहा कि विद्यार्थियों ने अपनी मेहनत से शैक्षणिक क्षेत्र में अपना लोहा मनवाया है। गौरतलब है दिल्ली पब्लिक स्कूल का दसवीं और बारहवीं कक्षा का बेहतरीन परिणाम आया है। दसवीं कक्षा में अनुष्का ने 96.4 प्रतिशत अंकों के साथ द्वितीय एवं पैरी ने 96 प्रतिशत अंक लेकर तृतीय स्थान प्राप्त किया।




To Honor and Celebrate the Achievement of the Students who have Shown Excellent Performance in Class 12th

OSGU
OM STERLING GLOBAL UNIVERSITY
(APPROVED BY UGC, MINISTRY OF EDUCATION, GOVT. OF INDIA)
EXCELLENCE IN EDUCATION 17 Years

presents

प्रतिभा सम्मान समारोह 2025

SIRSA
Date : 1st June 2025
Time : 09:30 AM onwards
Venue : Surkhab Marriage Palace, Surkhab chowk, Near Bus Stand, Sirsa

Scan QR Code for Registration

For more information contact at
+91-8607899999, 8255099999

Kindly bring a photocopy of your result at the venue.

- Pharm.D
- B.Pharma
- D.Pharma
- BPT/MPT
- B.Sc. Paramedical (MLT, OPTOMETRY, OT & AT, Radiology & Imaging Tech.)
- B.Sc. (Hons.) Agriculture
- B.Sc. Forensic Science
- M.Pharma (Pharmaceutical Chemistry, Industrial Pharmacy, Pharmaceutical Quality Assurance, Regulatory Affairs, Pharmaceutical Analysis Pharmaceutics)
- BFA/MFA/B.Plan/M.Plan
- BA LLB/LLB
- B.Tech. Fire Safety
- CSE- AI, Cyber Security, Electrical, Mech., Civil, ECE, P&P
- B.Sc. Hotel Mgmt.
- BCA/BBA (AICTE Approved)
- B.Sc. Yoga & Naturopathy

Campus : NH-52, Hisar-Chandigarh Road, Hisar-125001, Haryana (India)
8607899999, 8255099999
www.osgu.ac.in